# महाकाल की नगरी में बनेगा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम

- हासमपुरा में लेगा नया मैदान आकार
- क्रिकेट प्रेमियों का सपना होगा साकार
- ग्रामीण कोटे में मिला है प्रोजेक्ट

**नव भारत न्यूज**

**उज्जैन. मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के गृह नगर में, खेल विकास और युवा कल्याण विभाग के सौजन्य से एक महत्वाकांक्षी क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण कार्य शुरू हो गया है, जो उज्जैन को वैश्विक पहचान दिलाएगा.**

महाकाल की पावन नगरी उज्जैन अब केवल धार्मिक आस्था का ही केंद्र नहीं रहेगी, बल्कि जल्द ही यह शहर अंतर्राष्ट्रीय खेल जगत के नक्शे पर भी अपनी छाप छोड़ने को तैयार है.

अंतरराष्ट्रीय मानकों पर बनेगा हासमपुरा स्टेडियम खेल विकास की इस बड़ी पहल के तहत, अवंतिका धर्मराज संस्थान ने हासमपुरा में बहुप्रतीक्षित स्टेडियम का निर्माण कार्य आरंभ कर दिया है. यह सुनिश्चित किया गया है कि मैदान का पूरा ढांचा और सुविधाएं अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट




के मापदंडों के अनुरूप हों, जिसका सीधा मार्गदर्शन मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिकारी कर रहे हैं. यह अत्याधुनिक स्टेडियम उज्जैन को भविष्य में कई प्रादेशिक और राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं की मेजबानी करने का अवसर देगा, जिससे क्षेत्र के खिलाड़ियों को उच्च-स्तरीय एक्सपोजर मिलेगा.

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का विजन**-मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, जो स्वयं उज्जैन से आते हैं, ने लगातार खेलों को शिक्षा का अभिन्न अंग बताया है। उनके विजन के अनुरूप, इस स्टेडियम का विकास उज्जैन को केवल क्रिकेट ही नहीं, बल्कि समग्र खेल विकास के केंद्र के रूप में स्थापित करेगा। यह परियोजना मुख्यमंत्री की उस प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसके तहत वह उज्जैन को देश के अग्रणी शहरों की कतार में खड़ा करना चाहते हैं.

पिछले साल मुख्यमंत्री डॉ यादव ने 1 नवंबर को उज्जैन में खेल संकुल का उद्घाटन करते हुए यह घोषणा की थी कि जल्द ही अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम मनाया जाएगा.

**अंतरराष्ट्रीय पटल पर छाएगा उज्जैन**-इस अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खेल मैदान के बन जाने से क्रिकेट को बढ़ावा मिलेगा. उज्जैन में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट मैचों और टूर्नामेंटों के आयोजन का रास्ता खुलेगा. स्थानीय खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और राष्ट्रीय -अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं में भाग लेने का मौका मिलेगा.

### प्रोफेशनल क्रिकेट अकादमी और महिला सशक्तिकरण

इस परियोजना का एक सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यहाँ एक प्रोफेशनल क्रिकेट अकादमी संचालित करने की योजना है. खास बात यह है कि इस धर्मराज अकादमी में महिला खिलाड़ियों को प्रशिक्षण पूर्णत: नि:शुल्क दिया जाएगा. यह पहल न केवल उज्जैन में क्रिकेट की प्रतिभाओं को तराशने का काम करेगी, बल्कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी एक बड़ा कदम साबित होगी, जिससे स्थानीय और आस-पास की युवा महिलाएँ बिना किसी आर्थिक बाधा के अपने खेल के सपने को पूरा कर सकेंगी.

**ग्रामीण कोटे में मिला स्टेडियम का लाभ**-नवभारत से चर्चा में डॉ सुगंध श्रीवास्तव ने बताया कि हमारी धर्मराज संस्था है, उसके माध्यम से इस स्टेडियम का निर्माण सरकार के सहयोग से किया जाएगा, इसके लिए हासमपुरा का चयन किया गया है.

# बिहार चुनाव में कांग्रेस की बजेगी बैंड

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बोले- जनता के वोट का चलेगा सुदर्शन चक्र

**पटना/ भोपाल, 6 नवंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में मधुबनी जिले के बिस्फी और गया जिले के वजीरगंज में जनसभाओं को संबोधित किया.**

उन्होंने कहा कि बिहार का चुनाव धर्म और अधर्म के बीच की लड़ाई है, और जनता तय करेगी कि राज्य विकास की राह पर आगे बढ़े या छल और भ्रम की राजनीति में उलझा रहे. डॉ. यादव ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए



कहा कि 'विकास का पहिया तब तेज़ चलता है जब सुरक्षा मजबूत और राजनीति पारदर्शी हो.' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में

> डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश की पहचान विश्व मंच पर नई ऊंचाइयों को छू रही है. किसानों की आय दोगुनी करने के प्रयास में पशुपालन को प्रोत्साहन दिया जा रहा है और भारत फिर से दूध-घी की नदियों वाला देश बनने की ओर अग्रसर है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके साथी सदियों पुरानी भारतीय संस्कृति पर प्रश्न उठाते रहे हैं. 'भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण हमारी आस्था और पहचान हैं, लेकिन कांग्रेस ने हमेशा इनके अस्तित्व पर सवाल खड़े किए.' मुख्यमंत्री ने सवाल उठाया कि 'जब अयोध्या में राम मंदिर और उज्जैन में महाकाल लोक बन सकता है, तो माता सीता की धरती बिहार में उनका धाम क्यों नहीं?

देश न केवल आर्थिक बल्कि सांस्कृतिक अभ्युदय की राह पर बढ़ रहा है. उन्होंने कहा कि गरीब, युवा, महिला और किसान सभी की बेहतरी एनडीए सरकार की प्राथमिकता है. मुख्यमंत्री ने कांग्रेस और उसके सहयोगियों को झूठा करार देते हुए कहा कि राहुल गांधी चुनाव हारने से पहले ही बहाने ढूंढ रहे हैं.

# हक फिल्म पर रोक से हाईकोर्ट का इनकार

## शाहबानो की बेटी की याचिका खारिज

**अदालत ने कहा- निजता का अधिकार मृत्यु के साथ समाप्त हो जाता है**

**नव भारत न्यूज़**

**इंदौर, 6 नवंबर. मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने 'हक' फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने से इनकार करते हुए कहा है कि यह किसी व्यक्ति की निजता का उल्लंघन नहीं करती.**

न्यायमूर्ति प्रणय वर्मा ने 4 नवंबर को दिए आदेश में शाहबानो की बेटी सिद्दिका बेगम खान की याचिका को निरस्त कर दिया, जिसमें उन्होंने फिल्म की रिलीज, प्रमोशन और प्रदर्शन पर रोक लगाने की मांग की थी. याचिकाकर्ता का कहना था कि फिल्म में उनकी मां स्व. शाहबानो बेगम के निजी जीवन को बिना अनुमति के दिखाया गया है, जिससे परिवार की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचती है. साथ ही फिल्म में शरिया कानून की नकारात्मक छवि प्रस्तुत की गई है.



> अदालत ने यह भी कहा कि फिल्म के निर्माण और ट्रेलर रिलीज की जानकारी फरवरी 2024 से सार्वजनिक थी, लेकिन याचिकाकर्ता ने फिल्म की रिलीज से महज छह दिन पहले अदालत का दरवाजा खटखटाया. इसलिए यह याचिका देरी और अनुचित उद्देश्य से दाखिल की गई मानी गई. अंतत: हाईकोर्ट ने माना कि याचिकाकर्ता ने न तो किसी मौलिक अधिकार के उल्लंघन का ठोस आधार दिया और न ही वैधानिक प्रक्रिया के तहत वैकल्पिक उपाय अपनाया. इसलिए अदालत ने याचिका को निर्मूल मानते हुए खारिज कर दिया.


# बीएलओ नियुक्ति में गड़बड़ी से लोकतंत्र को खतरा

- भाजपा के दबाव में काम कर रहा निर्वाचन आयोग : वर्मा

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत बूथ लेवल ऑफिसर की नियुक्तियों में बड़े पैमाने पर धांधली और मनमानी करने का मामला सामने आया है. निर्वाचन आयोग भाजपा के दबाव में काम कर रहा है. बीएलओ नियुक्ति में गड़बड़ी से लोकतंत्र को खतरा है.**

यह आरोप पूर्व मंत्री और कांग्रेस राज्य स्तरीय एसआईआर मॉनीटरिंग कमेटी के चेयरमैन सज्जन सिंह वर्मा ने लगाया है. वरिष्ठ



कांग्रेस नेता वर्मा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की खुलेआम अवहेलना की जा रही है। कई जिलों में फारेस्ट गार्ड, मिड-डे मील कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी सहायिका, और आउटसोर्स कर्मियों जैसे गैर-सरकारी कर्मचारियों को बीएलओ नियुक्त किया गया है. यह न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि मतदान सूची की निष्पक्षता पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा करता है. वर्मा ने सवाल उठाया कि जब अनुबंधित कर्मचारी और गैर-सरकारी व्यक्ति बीएलओ बनाए जाएंगे, तो मतदाता सूची की विश्वसनीयता कैसे तय होगी? क्या यह आस्थाई कर्मचारी स्थाई होने के लिए भाजपा की राज्य सरकार के अधीन मतदाता सूची को प्रभावित नहीं करेंगे? आयोग और प्रशासन की यह मनमानी लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर कर रही है. उन्होंने कहा कि केंद्रीय चुनाव आयोग को इस मामले में साफ बताना चाहिए कि बाहरी और अस्थाई कर्मचारियों से मतदाता सूची का काम करवाना, क्या चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल खडे नहीं करते है? वर्मा ने कहा कि वनरक्षक जैसे कर्मचारी अपने कार्यक्षेत्र से दूर होते हैं, उनके लिए मतदान केंद्र क्षेत्रों में घर-घर सत्यापन करना व्यावहारिक रूप से असंभव है. वहीं मिड -डे मील व आंगनवाड़ी सहायिकाएँ नियमित सरकारी कर्मचारी नहीं हैं, फिर भी उनको बीएलओ बनाना पूर्णत: गैरकानूनी है. मीटर रीडर और कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारी बीएलओ बनाए गए हैं. ऐसे लोगों की नियुक्ति आयोग के पात्रता मानकों का उल्लंघन है.


### नियुक्तियों में नहीं रखी पारदर्शिता

वर्मा ने कहा कि अनेक जिलों में कलेक्टरों के आदेशों के बावजूद बीएलओ नियुक्तियों में पारदर्शिता नहीं रखी गई है. वहीं आधार कार्ड लिंकिंग को लेकर भी मतदाता सूची सत्यापन में ढिलाई बरती जा रही है एवं सर्वोच्च न्यायलय के आदेश के बाद भी आधारकार्ड को प्रामाणिक दस्तावजे मानने से इंकार किया जा रहा है. 'निर्वाचन आयोग ने बिना तैयारी के ही एसआईआर थोप दिया है. कई जिलों में फॉर्म, दस्तावेज और सामग्री तक उपलब्ध नहीं हैं. ऐसा लगता है कि राजनीतिक दबाव में मतदाता सूचियों में मनमाफिक संशोधन किए जा सकें.

**अयोग्य व अनुचित को हटाएं**-कांग्रेस निर्वाचन आयोग से माँग करती है कि बीएलओ नियुक्तियों की तत्काल समीक्षा कर अयोग्य व अनुचित बीएलओ को हटाया जाए. सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार आधार कार्ड लिंक अनिवार्य की जाए एवं उसे भी प्रामाणिक दस्तावेज मे शामिल किया जाए. वर्मा ने चेतावनी दी कि यदि इन अनियमितताओं पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो कांग्रेस पार्टी प्रदेश के सभी जिला निर्वाचन कार्यालयों पर चरणबद्ध विरोध प्रदर्शन करेगी.

# इंदौर के विनोद अग्रवाल देश के 71वें सबसे बड़े दानदाता

- हुरून इंडिया ने जारी की 185 प्रमुख परोपकारियों की लिस्ट
- लगातार पांचवी बार प्रदेश में पहले स्थान पर हैं अग्रवाल



**इंदौर. देशभर के दानदाताओं की सूची में इंदौर के कोयला कारोबारी विनोद अग्रवाल लगातार पांचवी बार प्रदेश में पहले स्थान पर है.**

हुरून इंडिया द्वारा गुरुवार को जारी सूची में देश में उन्हें 71 वां स्थान मिला है. पिछले वर्ष वे इस सूची में 58 वें स्थान पर थे. इन्होंने वर्ष 2024-25 में शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, पशु कल्याण, गरीबी व कुपोषण के कार्यों में 19 करोड़ रुपए खर्च किए हैं. इस साल हुरून इंडिया द्वारा दानदाताओं की सूची में शामिल होने के लिए देश के करीब 200 उद्योगपतियों ने नामांकन किया था, इनमें से 185 की सूची जारी की गई है. इसमें इंदौर के कोयला कारोबारी 71 वें स्थान पर रहे.

# रात का तापमान घटने से बढ़ेगी ठंड

**भोपाल, 6 नवंबर. पिछले कई दिनों से जारी बारिश, आंधी और गरज-चमक का सिलसिला अब थमने वाला है. मौसम विभाग के अनुसार अब प्रदेश में पांच दिनों तक आसमान साफ रहेगा और बारिश की कोई संभावना नहीं है.**

हालांकि, जैसे-जैसे बादल छटेंगे, रात का तापमान गिरना शुरू हो जाएगा और ठंड का असर तेजी से बढ़ेगा. मौसम वैज्ञानिक अरुण शर्मा ने बताया कि अगले कुछ दिनों में रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट दर्ज की जाएगी. ठंड का सबसे ज्यादा असर ग्वालियर-चंबल, नीमच, मंदसौर, छतरपुर, टीकमगढ़, गुना और राजगढ़ जैसे उत्तरी जिलों में देखने को मिलेगा, जहां उत्तरी हवाएं सबसे पहले असर दिखाएंगी.

### पहाड़ों पर बर्फबारी का असर एमपी में भी पड़ेगा

उत्तर भारत के पर्वतीय इलाकों में शुरू हुई बर्फबारी का प्रभाव अगले 48 घंटों में मध्यप्रदेश के मौसम पर भी नजर आएगा. उत्तर से आने वाली ठंडी हवाएं प्रदेश के उत्तरी और मध्य हिस्सों को प्रभावित करेंगी. इसके चलते ग्वालियर, चंबल, पन्ना, आगर-मालवा, निवाड़ी और शाजापुर में तापमान में तेज गिरावट आने की संभावना है.

अक्टूबर के आखिरी सप्ताह में बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से आई नमी के कारण बादल छाए रहे और तापमान स्थिर रहा. इस दौरान हरियाणा के पास बने साइक्लोनिक सर्कुलेशन ने ठंडी हवाओं को राज्य में प्रवेश करने से रोक रखा था.

### कई जिलों में पारा 20 डिग्री के नीचे

पिछले 24 घंटों में श्योपुर, शिवपुरी, ग्वालियर, गुना, सागर, बैतूल, छतरपुर और छिंदवाड़ा में हल्की बारिश दर्ज की गई, जिससे तापमान में और गिरावट आई है. नरसिंहपुर में रात का पारा 5 .4 डिग्री गिरकर 17 .2 डिग्री पर पहुंच गया. वहीं, भोपाल में न्यूनतम तापमान 18 .8 डिग्री, इंदौर में 18 .2 डिग्री और ग्वालियर में 20 .1 डिग्री दर्ज किया गया. पचमढ़ी दिन के समय सबसे ठंडा रहा, जहां अधिकतम तापमान 25 .2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया.

# मिनी ट्रक और पिकअप की टक्कर से 2 की मौत

**खरगोन.** मध्यप्रदेश में खरगोन जिले के कसरावद थाना क्षेत्र में एक मिनी ट्रक और पिकअप वाहन की आमने-सामने टक्कर में दोनों चालकों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए. एसडीओपी श्वेता शुक्ला ने बताया कि खरगोन-इंदौर मार्ग पर बालसमुद के पास यह हादसा हुआ. टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन एक-दूसरे में फंस गए. मिनी ट्रक चालक 42 वर्षीय दिनेश भालसे, निवासी जिरभार, और पिकअप वाहन चालक 35 वर्षीय माल सिंह रावत, निवासी अंजड़ (जिला बड़वानी), की मौके पर ही मृत्यु हो गई. दोनों शवों को मशीनों की सहायता से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया.

# शिविर में जाति, संविधान और राजनीति पर चर्चा

**विशेष संवाददाता**

**पचमढ़ी,06 नवम्बर: पचमढ़ी में जारी संगठन सृजन प्रशिक्षण शिविर के पाँचवें दिन मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला कांग्रेस अध्यक्षों और विधायकों के लिए 'जाति, संविधान और राजनीति' विषय पर एक महत्वपूर्ण एवं गहन सत्र आयोजित किया गया.**

दिन की शुरुआत जिला अध्यक्षों के योग एवं आत्मरक्षा अभ्यास सत्र से हुई, जिसके बाद मुख्य विषयक प्रशिक्षण का आयोजन हुआ. इस सत्र का उद्देश्य भारतीय सामाजिक संरचना में जाति की भूमिका, राजनीति में उसके प्रभाव तथा संविधान द्वारा निर्धारित समानता और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों की गहरी समझ



विकसित करना था. सत्र को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं झारखंड के प्रभारी के. राजू ने कहा कि जाति केवल इतिहास या परंपरा का विषय नहीं है, बल्कि आज भी सामाजिक जीवन में अवसर, सम्मान और अधिकारों के वितरण को प्रभावित करने वाली वास्तविकता है. संविधान ने समानता और अवसर की समानता के माध्यम से इस असमानता को समाप्त करने का मार्ग दिखाया है, और कांग्रेस सदैव इन संवैधानिक मूल्यों को व्यवहार में लाने के लिए प्रतिबद्ध रही है.

> उन्होंने जाति जनगणना को वर्तमान नीति निर्माण में आवश्यक बताया. राजू ने कहा कि बिना सटीक सामाजिक-आर्थिक आँकड़ों के समान और न्यायपूर्ण नीतियाँ बनाना संभव नहीं है. जातीय असमानताओं की पहचान और विश्लेषण समाज को बाँटता नहीं, बल्कि लोकतंत्र को और अधिक मजबूत और प्रतिनिधिक बनाता है. सत्र में वक्ताओं ने यह स्पष्ट किया कि जाति, संविधान और राजनीति भारतीय लोकतंत्र के मूल स्तंभ हैं.

**पत्राचार** | कफ सिरप पीने से बच्चों की हुई मौत की घटना को लेकर मुख्यमंत्री को पूर्व सीएम कमलनाथ ने लिखा पत्र

# बीमार बच्चों के इलाज का खर्च तुरंत वहन करे सरकार

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 06 नवम्बर. पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमलनाथ ने छिंदवाड़ा में कथित जहरीला कफ सिरप पीने से बच्चों की हुई मौत और कई अन्य बच्चों के बीमार होने की घटना को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखा है.**

उन्होंने अपने पत्र में राज्य सरकार से आग्रह किया है कि प्रभावित बच्चों के उपचार का संपूर्ण खर्च तत्काल सरकार द्वारा वहन किया जाए. इस हादसे में कई बच्चों की मृत्यु हो चुकी है, जबकि कुछ बच्चे अभी भी उपचाराधीन हैं.

कमलनाथ ने अपने पत्र में कहा है कि राज्य सरकार ने स्वयं घोषणा की थी कि बीमार बच्चों के इलाज का खर्च सरकार उठाएगी, लेकिन अब तक प्रभावित परिवारों को कोई आर्थिक सहायता नहीं मिली है. उन्होंने कहा कि अपने बच्चों को खो चुके या उनके इलाज में लगे परिवारों को सरकारी सहायता के इंतजार में रखना अत्यंत संवेदनहीनता है.

उन्होंने बताया कि छिंदवाड़ा के कई परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं और बच्चों के उपचार का खर्च उठाने की सामर्थ्य नहीं रखते. उन्होंने मुख्यमंत्री से तुरंत



हस्तक्षेप कर संबंधित विभागों को निर्देश देने की मांग की, ताकि इलाज का पूरा खर्च जल्द से जल्द जारी किया जाए. कमलनाथ ने कहा कि यह कदम न केवल सरकार की संवेदनशीलता दर्शाएगा बल्कि जनता का भरोसा भी मजबूत करेगा.

इसी बीच, गुरुवार को मीडिया से बातचीत करते हुए कमलनाथ ने आने वाले चुनावों को लेकर भी बयान दिया. उन्होंने कहा कि कांग्रेस किसी भी प्रकार की वोट चोरी होने नहीं देगी. उन्होंने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर एक पोस्ट में राहुल गांधी के बिहार के पूर्णिया में दिए गए भाषण का उल्लेख करते हुए कहा कि 2023 का मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव चोरी किया गया था.

> कमलनाथ ने राहुल गांधी के उस भाषण का वीडियो भी साझा किया, जिसमें राहुल ने भाजपा पर मध्यप्रदेश सहित हरियाणा, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और लोकसभा चुनाव में भी धांधली के आरोप लगाए हैं. उन्होंने प्रदेश के कांग्रेस कार्यकर्ताओं और मतदाताओं से अपील की कि मतदाता सूची से सही नाम न काटे जाने दें और फर्जी नाम शामिल होने से रोकें. उन्होंने कहा कि कांग्रेस अब पूरी तैयारी के साथ किसी भी चुनावी साज़िश को विफल करेगी और लोकतंत्र की रक्षा सुनिश्चित करेगी.

# बैठक में संगठन के विस्तार पर चर्चा

## राष्ट्रीय महामंत्री से मिले प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण खंडेलवाल

**भोपाल, 6 नवंबर. मध्यप्रदेश कैट की कोर समिति की बैठक में शामिल होने पहुंचे राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद प्रवीण खंडेलवाल का होटल जहांनुमा पैलेस, भोपाल में भव्य स्वागत किया गया.**

इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल भी वहीं ठहरे हुए थे. दोनों नेताओं ने एक-दूसरे का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया और संगठन से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की. बैठक में मध्यप्रदेश में कैट की गतिविधियों के विस्तार और व्यापारी हितों से जुड़ी योजनाओं को मजबूत करने पर जोर दिया गया. राष्ट्रीय महामंत्री एवं दिल्ली



सांसद प्रवीण खंडेलवाल का स्वागत प्रदेश महामंत्री राजीव खंडेलवाल और योगी खंडेलवाल ने किया. इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, सुनील जैन, पवन जैन, धर्मेंद्र शर्मा तथा दिल्ली से आए भाजपा नेता शर्मा जी भी उपस्थित रहे.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7590/60